# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025

# अनाधिकृत लाउडस्पीकर हटाने का अभियान शुरू

## ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमन्य सीमा में रहेगी आवाज, एडीजी जोन के निर्देश पर संबंधित लोगों संग हो रही बैठक

- थानों में होने वाली बैठक में मौजूद रहेंगे डीजे संचालक भी
- अनुमति से अधिक लाउडस्पीकर पर की जाएगी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, बरेली : अनाधिकृत रूप से लगे लाउडस्पीकर और ध्वनि विस्तारण यंत्रों को हटाने के लिए बरेली जोन में कार्रवाई शुरू हो गई है। एडीजी जोन रमित शर्मा के निर्देश पर पुलिस संबंधित लोगों के साथ बैठक कर रही है। लोगों से अनाधिकृत लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने और अधिकृत लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज अनुमन्य सीमा व अनुमन्य समय सीमा के तहत रखने की अपील की जा रही है।

एडीजी जोन रमित शर्मा ने सभी पुलिस अधिकारियों को लोगों को जागरूक करने और संस्थागत व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बरेली और मुरादाबाद मंडल के एसएसपी व एसपी से कहा है कि वह अपने जिलों में नियुक्त सभी सर्किल आफिसर और थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानाक्षेत्र में पड़ने वाले बरातघरों, होटल मालिकों और डीजे संचालकों (डीजे किराए पर देने वालों) के साथ डीजे, लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज एवं समय-सीमा में निर्धारित मानक अनुरूप रखने को बैठक आयोजित कर अनुपालन कराएं।

त्योहार एवं पर्वों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल कराने के लिए सभी सीओ, थाना प्रभारी अपने-अपने थानाक्षेत्र में रहने वाले धर्म गुरुओं, धार्मिक स्थलों से संबंधित व्यक्तियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज व समय सीमा निर्धारित मानक अनुरूप रखने के लिए उनके साथ बैठक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सर्किल के समस्त थानों में बैठक अलग-अलग तिथि, समय पर रखी जाएं, जिससे संबंधित क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के सभी थानों की बैठकों में शामिल हो सकें। एडीजी के निर्देश पर सभी जिलों में बैठकें शुरू हो चुकी हैं।



बरेली के थाना बिशारतगंज में बैठक करते पुलिस अधिकारी ● स्रोत पुलिस

## एडीजी ने अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर की समीक्षा




बैठक करते एडीजी रमित शर्मा, साथ में आइजी राकेश सिंह ● स्रोत पुलिस

जासं, बरेली : अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जोन रमित शर्मा ने बुधवार को पुलिस लाइंस स्थित सभागार में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने आगामी त्योहार एवं कानू व्यवस्था, अपराध स्थिति, यातायात व्यवस्था, जनता दर्शन से संबंधित प्रकरण, आइजीआरएस पीजीआर पोर्टल पर प्रेषित प्रकरण एवं जोन कार्यालय से प्रेषित जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थित एवं निर्माणाधीन कार्यों व अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की।

अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था समेत सभी प्रकरणों को व्यवस्थित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक के दौरान आइजी रेंज, एसएसपी, एसपी, सीओ समेत थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# एडीजी ने पुलिस लाइन में की अपराध समीक्षा बैठक



एडीजी रमित शर्मा ने बुधवार रात पुलिस लाइन में अपराध की समीक्षा बैठक की।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एडीजी रमित शर्मा ने बुधवार रात पुलिस लाइन में बरेली के सभी थानों की अपराध संबंधी समीक्षा बैठक की।आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य समेत जिले के सभी पुलिस अफसर एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक के दौरान एडीजी रमित शर्मा ने आगामी त्योहारों को लेकर सभी तैयारियों का समय से पूरा करने के निर्देश दिए। कानून-व्यवस्था और अपराध स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को और बेहतर करने को कहा ताकि जनता का सड़क पर आवागमन सुलभ बना रहे। मीटिंग में उन्होंने मुख्यमंत्री के जनता दर्शन से सम्बन्धित प्रकरण, आईजीआरएस, पीजीआर पोर्टल पर प्रेषित प्रकरण एवं जोन कार्यालय से प्रेषित जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस के विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपा नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी ट्रैफिक अकमल खान समेत सभी सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025

# लाउडस्पीकर को लेकर अभियान शुरू

**होगी सख्ती**

- एडीजी के निर्देश पर सभी थानों में बैठक कर-के दी जा रही चेतावनी
- तेज आवाज में बजाने पर होगी कार्रवाई, थाना प्रभारी को जिम्मेदारी

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** लाउडस्पीकर को लेकर एडीजी रमित शर्मा के निर्देश पर जोन के सभी थाना क्षेत्रों में अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत सभी थानों में मीटिंग कर लाउडस्पीकर बजाने वालों को चेतावनी दी जा रही है और फिर कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान के लिए एडीजी रमित शर्मा ने जोन के सभी एसएसपी-एसपी को निर्देश जारी किए हैं। इनमें सभी सीओ एवं थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के बरातघर, होटल मालिक व डीजे संचालकों के साथ मीटिंग कर लाउडस्पीकर की समयसीमा और आवाज निर्धारित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही धर्मस्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की आवाज मानकों के अनुरूप रखने के लिए बैठक कर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे।

इसके क्रम में जोन के सभी थाना क्षेत्रों में सीओ और थाना प्रभारियों द्वारा मीटिंग शुरू कर दी गई है। इनमें लाउडस्पीकर की आवाज मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही चेतावनी दी जा रही है कि नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025

# जनता से संवाद बढ़ाएं तभी थमेगा अपराध : एडीजी

**बरेली।** एडीजी जोन रमित शर्मा ने आईजी के साथ पुलिस लाइन में जिला पुलिस के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने जनता से संवाद बढ़ाने पर जोर दिया। एडीजी ने आगामी त्योहार व कानून व्यवस्था, अपराध की स्थिति, यातायात व्यवस्था, जनता दर्शन से संबंधित प्रकरण की समीक्षा की। साथ ही आईजीआरएस, पीजीआर पोर्टल पर प्रेषित प्रकरण व जोन कार्यालय से भेजे जाने वाले जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतीपत्रों के निस्तारण की प्रगति पता की। बरेली में वृहद निर्माण कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। गोष्ठी में आईजी राकेश कुमार सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य समेत जिले के सभी पुलिस अधिकारी और थानेदार मौजूद रहे। ब्यूरो

**अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025**



बैठक में मौजूद एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य।

# एडीजी ने आईजी के साथ की समीक्षा बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** एडीजी रमित शर्मा ने आईजी डॉ. राकेश सिंह के साथ पुलिस लाइन सभागार में जिले के अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें आगामी त्योहार, कानून-व्यवस्था, अपराध स्थिति, यातायात व्यवस्था, जनता दर्शन से संबंधित मामलों, आईजीआरएस आदि मामलों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी अनुराग आर्य के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**I-Next जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025**

# अनाधिकृत लाउडस्पीकर हटाने को पुलिस का अभियान शुरू

**BAREILLY (8 Jan):** अनाधिकृत रूप से लगे लाउडस्पीकर और ध्वनि विस्तारण यंत्रों को हटाने के लिए बरेली जोन में कार्रवाई शुरू हो गई है. एडीजी जोन रमित शर्मा के निर्देश पर पुलिस संबंधित लोगों के साथ बैठक कर रही है. लोगों से अनाधिकृत लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने और अधिकृत लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज अनुमन्य समय सीमा के तहत रखने की अपील की जा रही है. एडीजी जोन रमित शर्मा ने सभी पुलिस अधिकारियों को व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं. मुरादाबाद मंडल के एसएसपी व एसपी से कहा है कि अपने जिलों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज एवं समय-सीमा में निर्धारित मानक अनुरूप रखने को बैठक कर बताएं.

**टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025**

# त्यौहारों से पहले एडीजी बरेली एक्शन में, दिए सख्त निर्देश

आरके गौड़

टेलीग्राम संवाद, बरेली। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने मंगलवार अपराहन पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और अन्य उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में एक व्यापक समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्यौहारों मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाना, अपराध नियंत्रण की रणनीतियों को मजबूत करना, यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करना, और जनता से जुड़े मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना था। साथ ही, जनपद में निर्माणाधीन बड़े प्रोजेक्ट्स और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

**त्यौहारों पर विशेष सतर्कता**

बैठक में एडीजी ने त्यौहार दौरान संभावित संवेदनशील स्थितियों पर चर्चा करते हुए पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले त्यौहार जैसे मकर संक्रांति, लोहड़ी और गणतंत्र दिवस पर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कानून-व्यवस्था के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनाती और संवेदनशील क्षेत्रों में पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

**अपराध नियंत्रण समीक्षा**

गोष्ठी में पिछले तीन महीनों में हुई आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की गई। एडीजी ने थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एडीजी ने कहा, ₹किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। शहर में बढ़ते वाहनों और त्यौहार दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए। एडीजी ने कहा कि प्रमुख बाजारों और धार्मिक स्थल पास विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए। साथ ही, दुर्घटना क्षेत्रों में पुलिस की विशेष निगरानी की व्यवस्था की जाए।

**जनता दर्शन और शिकायत निस्तारण**

एडीजी ने जनता दर्शन और पोर्टल्स पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा, ₹जनता का विश्वास बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए।

**वृहद निर्माण कार्यों पर समीक्षा**

जनपद में चल रहे वृहद निर्माण कार्यों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। एडीजी ने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स की प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जाए और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। निर्माण स्थलों पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए।



गोष्ठी में एडीजी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जनता के साथ सामंजस्य बनाएं। उन्होंने कहा, ₹पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए। हमारी सफलता इसी पर निर्भर करती है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हर थाना प्रभारी अपने क्षेत्र की संवेदनशीलता का अध्ययन करें और एक विशेष कार्य योजना तैयार करें।

समीक्षा बैठक में बरेली जोन की पुलिस प्रशासन ने त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध पर नियंत्रण के लिए विस्तृत योजना बनाई। बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि पुलिस प्रशासन जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को लेकर पूरी तरह से सतर्क और प्रतिबद्ध है।

**बैठक में भाग लेने वाले अधिकारी**

इस महत्वपूर्ण गोष्ठी में बरेली परिक्षेत्र पुलिस महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात, सभी क्षेत्राधिकारी, और थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक संचालन अनुशासन और गंभीरता से किया गया, जिससे अधिकारियों की सक्रियता और प्रतिबद्धता झलकती है।

तरूण मित्र जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025

# लाउडस्पीकर को लेकर एक्शन में बरेली जोन पुलिस

**बरेली, 08 जनवरी (तरूणमित्र)**। बरेली जोन के अन्तर्गत अनाधिकृत लाउडस्पीकर हटाने एवं जिन स्थानों पर लाउडस्पीकर अधिकृत है, उनकी ध्वनि अनुमन्य सीमा एवं अनुमन्य समय सीमा के अन्तर्गत रखने के लिये प्रभावी कार्यवाही की गयी है। इस विषय पर हित धारकों को जागरूक करने एवं संस्थागत व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा द्वारा सभी जिला प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने जनपदों में नियुक्त समस्त सर्किल ऑफिसर एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित करें कि वे अपने-अपने थानाक्षेत्र में पड़ने वाले बारात घरों, होटल मालिकों एवं डीजे संचालकों (डीजे किराये पर देने वाले) के साथ डीजे/लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज एवं समय-सीमा में निर्धारित किये गये मानक के अनुरूप रखने हेतु बैठक आयोजित कर अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। त्यौहार एवं पर्वों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी अपने-अपने थानाक्षेत्र में रहने वाले धर्म गुरूओं, धार्मिक स्थलों से सम्बन्धित व्यक्तियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर /ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज एवं समय सीमा निर्धारित मानक के अनुरूप रखने हेतु बैठक आयोजित कर अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

पब्लिक एशिया जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025

# एडीजी जोन रमित शर्मा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दिया गया नववर्ष का तोहफा,

**बरेली** ।बरेली जोन के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि बरेली जोन पुलिस प्रमुख ने अपने परिवार के बुजुर्गों को नये साल पर एक खास तोहफा दिया है ।एडीजी रमित शर्मा के निर्देश पर बरेली जोन पुलिस की ओर से सभी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के घरों पर वार्षिक कैलेंडर एवं शुभकामना संदेश डाक के माध्यम से भेजें गये है। इस संदेश में सभी पुलिस पेंशनर्स परिवारों के सदस्यों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना की गयी है । बरेली जोन के सभी जनपदों को वार्षिक कैलेंडर एवं शुभकामना संदेश प्रेषित किये जा चुके हैं जिनके निरन्तर वितरण का क्रंम जारी है ।बरेली जोन में कुल 3356 रिटायर्ड पुलिस पेंशनर्स हैं। इनमें बरेली रेंज में 1259 और मुरादाबाद रेंज में 2097 निवासरत हैं ।

बरेली रेंज ( 1259 )=

बरेली=484, बदायूं=465, पीलीभीत=146, शाहजहांपुर=164

मुरादाबाद रेंज ( 2097 )=

मुरादाबाद=962, बिजनौर=600, रामपुर=127, अमरोहा=148, सम्भल=260

एडीजी ने सभी पुलिस परिवारों को दीं नववर्ष की शुभकामनाएं।

एडीजी जोन रमित शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पुलिस विभाग की रीढ़ हैं। उनकी सेवाओं का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है व हम उनके दी गयी पुलिस सेवाओं के दीर्घ अनुभव का लाभ लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं एवं थाने एवं जनपद की पीस कमेटी में भी रिटायर्ड पुलिस वालो की सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिये । बरेली जोन पुलिस परिवार की ओर से प्रेषित कैलेंडर एवं शुभकामना संदेश उनकी सेवा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।

राष्ट्रीय सहारा जनपद बरेली दिनॉक 09.01.2025

# नियमों की अनदेखी पड़ सकती भारी : एडीजी

## नौ जनपदों के पुलिस कप्तानों को दिए कड़े निर्देश

बरेली(एसएनबी)। जोन के समस्त नौ जनपदों में ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने का अभियान जारी है। सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर अनिधकृत लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने एवं अधिकृत स्थानों पर स्थापित ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनिअनुमन्य समय सीमा के तहत रखने के लिये बुधवार को जोन पुलिस द्वारा कार्यवाही की गयी। एडीजी रमित शर्मा ने जोन के समस्त एसएसपी व एसपी को हित धारकों को जागरूक करने एवं संस्थागत व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये है।



एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा

वही त्यौहार एवं पर्वो को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने को समस्त सर्किल ऑफिसर व थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानाक्षेत्र के बारात घरों, होटल मालिकों एवं डीजे संचालकों, धर्म गुरूओं, धार्मिक स्थलों से जुड़े जिम्मेदारों सहित पीस कमेटी के सदस्यों के साथ धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज एवं समय सीमा निर्धारित मानक के अनुरूप रखने को बैठक आयोजित कर अनुपालन करवाने को कहा है। वहीं अवैध रूप से लाउडस्पीकर लगाने वालों के भी खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी टीम गठित की है, जो शिकायत मिलते ही कार्रवाई करेगी।

## उत्तराखंड के सीएम आज बरेली में

बरेली(एसएनबी)। उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बृहस्पतिवार 9 जनवरी को जी.टी.सी हेलीपैड देहरादून से 10:15 बजे हेलीकॉप्टर से चलकर 11:35 बजे पुलिस लाइन बरेली में पहुंचेंगे। तदोपरांत अपराह्न कार द्वारा 29वें उत्तरायणी मेला के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। तत्पश्चात 23:05 बजे पुलिस लाइंस हेलीपैड से लोहिया हेलीपैड खटीमा उत्तराखंड के लिए प्रस्थान करेंगे।

## हिन्दुस्तान जनपद शाहजहॉपुर दिनॉक 09.01.2025

# पेंशनर्स के घर भेजे जा रहे शुभकामना संदेश

शाहजहांपुर, संवाददाता। एडीजी जोन रमित शर्मा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को नववर्ष का तोहफा दिया गया। पुलिस पेंशनर्स के घरों पर डाक के माध्यम से वार्षिक कैलेंडर एवं शुभकामना संदेश भेजे गए। इस संदेश में सभी पुलिस पेंशनर्स परिवारों के सदस्यों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना की गयी है। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पुलिस विभाग की रीढ़ हैं। उनकी सेवाओं का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। हम उनकी दी गयी पुलिस सेवाओं के दीर्घ अनुभव का लाभ लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं। थाने एवं जनपद की पीस कमेटी में भी रिटायर्ड पुलिस वालों की सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिये। बरेली जोन पुलिस परिवार की ओर से प्रेषित कैलेंडर एवं शुभकामना संदेश उनकी सेवा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।

### बरेली जोन में कुल 3356 रिटायर्ड पुलिस पेंशनर्स

बता दें कि बरेली जोन में कुल 3356 रिटायर्ड पुलिस पेंशनर्स हैं। इनमें बरेली रेंज में 1259 और मुरादाबाद रेंज में 2097 निवासरत हैं। बरेली: 484, बदायूं: 465, पीलीभीत: 146, शाहजहांपुर: 164, मुरादाबाद: 962, बिजनौर: 600, रामपुर: 127, अमरोहा: 148, सम्भल: 260 हैं।

## हिन्दुस्तान जनपद रामपुर दिनॉक 09.01.2025

सतर्कता | किशोरों और युवाओं को टारगेट बना रहे ठग, एडीजी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लोगों को किया जागरूक

# महाकुंभ के नाम पर अब साइबर ठग बिछा रहे जाल

### सोशल मीडिया से

ामपुर,संवाददाता। साइबर अपराधी ोगों से धोखाधड़ी करने के लिए ए-नए तरकीब अपना रहे हैं। अब ाइबर ठगों ने महाकुंभ के नाम पर गी का प्रयास शुरू कर दिया है। ाइबर ठगों प्रयागराज में महाकुंभ के ाम पर होटल, रेस्टोरेंट बुकिंग में भी ाइबर ठगों ने जाल बिछा दिया है। से देखते हुए पुलिस ने लोगों को ाइबर ठगों के झांसे में न आने और से लिंक, वेबसाइट से सतर्क रहने े लिए अलर्ट किया है।

महाकुंभ में लोगों का आना शुरू ो गया है। ऐसे में लोग ऑनलाइन ोटल, लॉज, रेस्टोरेंट की बुकिंग भी र रहे हैं। साइबर ठग फर्जी नाम पते से होटल, लॉज की बुकिंग कर लोगों से ठगी कर रहे हैं। ऐसी फर्जी वेबसाइट के जाल में फंसकर लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में पुलिस ने सभी को अलर्ट किया है। पुलिस ने सुझाव दिया है कि ऑनलाइन होटल, लॉज, रेस्टोरेंट बुक करते समय पूरी छानबीन कर ले। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। हो सके तो पे एट होटल का ऑप्शन लें। होटल देखने के बाद वहां पैसे दें। साइबर थाना प्रभारी आशाराम ने इस तरह से मैसेज से लोगों को सचेत रहने की सलाह दी है। पुलिस का कहना है कि इस ठगी से लोग जागरूकता के कारण ही बच सकते हैं। किसी भी अनजानी कॉल पर अपनी जानकारी देने से बचें। ओटीपी तो किसी भी हालत में न बताएं।

### मैसेज ऐसा, जिससे लालच में आ जाते हैं लोग

रामपुर। साइबर अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस तरह के मैसेज भेजते हैं, जिससे यूजर फौरन उनके झांसे में आ जाता है। इसमें यूजर को इनाम जीतने, नौकरी, योजनाओं के नाम पर और बैंक अलर्ट के नाम पर मैसेज किए जाते हैं। बैंक के नाम पर यूजर को खाता बंद होने के नाम पर भी डराया जाता है। इसके अलावा विभिन्न कंपनियों के सिम में रिचार्ज न होने के कारण सिम बंद होने की भी बात की जाती है।

### कैसे बचें, शिकार होने पर क्या करें

- किसी भी मैसेज पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।
- किसी अनजान के भेजे लिंक को क्लिक नहीं करें।
- किसी भी वेवसाइट पर जाकर पर्सनल डिटेल भरने से बचें
- किसी शख्स को अपनी पर्सनल डिटेल शेयर न करें।
- अनजान को ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर करने से बचें।
- फोन-सिम हैक की सूचना इस सिम कंपनी के टोल फ्री नंबर पर दें।
- ठगी और हैकिंग होने के अंदेशे पर तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।
- अपने जिले के साइबर थाने में पहुंच कर जानकारी दें।

### एडीजी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर किया जागरूक



रामपुर। साइबर ठगी से लोगों को बचाने के लिए पुलिस की ओर से लगातार जागरूक किया जा रहा है ।पुलिस सोशल मीडिया पर भी इसका सहारा ले रही है। बीते दिनों एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने भी सोशल मीडिया पर साइबर ठगी से बचाव को लेकर पोस्ट किया है।

# अमर उजाला जनपद रामपुर दिनॉक 09.01.2025

## जोन के रिटायर्ड पुलिसकर्मियों का हाल जानने घर पहुंचेंगे अफसर

### पुलिस विभाग में पेशनरों की ली जाएगी सुध, समस्या का समाधान निकालेंगे अधिकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर। पुलिस सेवा से रिटायर हो चुके पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण करने की पहल पुलिस विभाग की ओर से शुरू की गई है।

पुलिस अधिकारी रिटायर हो चुके साथी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घर जाकर उनकी पेंशन संबंधी समस्याओं को सुनेंगे और उनका निस्तारण भी करेंगे। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। एडीजी जोन ने इस मामले में सभी पुलिस अधीक्षकों आदेश जारी करते हुए समस्या का समाधान कराने के आदेश दिए हैं।

पेंशनरों की सुध लेने की यह पहल एडीजी जोन बरेली ने शुरू की है। बरेली जोन में 3300 से ज्यादा पुलिस पेंशनर्स हैं। इनमें सिपाही से लेकर अफसर तक शामिल हैं। यह सभी पेंशनर भी हैं।

पेंशनर अक्सर अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर भटकते रहते हैं। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाता जिसकी वजह से उनको दिक्कत होती है। इन दिक्कतों को देखते हुए बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने अनोखी पहल की है। उन्होंने जोन के सभी जिलों के पुलिस प्रमुख को आदेश जारी करते हुए कहा है कि अफसर अपने जिलों की पेंशनरों के घर जाकर उनकी समस्याएं सुनें और उसका निस्तारण करें। इसके लिए बाकायदा अभियान चलाया जाए। अभियान के तहत अधिकारी समस्याओं का निस्तारण करें और उनका हल करें।

**घर जाकर वार्षिक कैलेंडर भी गिफ्ट करेंगे अफसर**

पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के साथ अपर पुलिस महानिदेशक की ओर से कैलेंडर भी जारी किया गया है। पुलिस सबसे पहले घर जाकर यह कैलेंडर गिफ्ट के तौर पर देगी। साथ ही समस्याओं के समाधान भी कराएगी।

**3356** कुल पेंशनर हैं जोन में।

- बरेली रेंज में कुल पेंशनर : 1259
- मुरादाबाद रेंज में कुल पेंशनर : 2097

**बरेली रेंज के जिलों में कहां कितने पेंशनर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बरेली | 484 | पीलीभीत | 146 |
| बदायूं | 465 | शाहजहांपुर | 164 |

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पुलिस विभाग की रीढ़ हैं। उनकी सेवाओं का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। थाने एवं जनपद की पीस कमेटी में भी रिटायर्ड पुलिसकर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए ।
**-रमित शर्मा, एडीजी जोन बरेली**

**मुरादाबाद रेंज के जिलों में कहां कितने पेंशनर**

| | |
|---|---|
| मुरादाबाद | 962 |
| बिजनौर | 600 |
| रामपुर | 127 |
| अमरोहा | 148 |
| संभल | 260 |

# हिन्दुस्तान जनपद बिजनौर दिनॉक 09.01.2025

## एडीजी ने दिया शुभकामना संदेश, गौरवान्वित हुए सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी

**पेंशनर्स**

**बिजनौर, संवाददाता।** एडीजी जोन बरेली ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मान देने के लिए एक नई पहल की है। पहल के तहत जोन के सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को डाक व व्हाटसएप पर विभाग की ओर से वार्षिक कैलेंडर एवं शुभकामना संदेश दिए जा रहे हैं। इसमें सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी स्वंय को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद भी विभाग द्वारा उन्हें याद रखने पर धन्यवाद दे रहे हैं।

एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा ने नये साल पर नई पहल शुरू की है। जिसके तहत पुलिस विभाग की तरफ से अपने बुर्जुगों सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को नये साल पर खास होने का एहसास कराया जा रहे है। पुलिस पेंशनर्स के वाहटसऐप एवं घरों पर डाक से वार्षिक कैलेंडर एवं शुभकामना संदेश दिए जा रहे है। इस संदेश में सभी पुलिस पेंशनर्स परिवारों के सदस्यों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना की गई है। बरेली जोन में कुल 3356 व बिजनौर में रहते है 600 सेवानिवृत्त पेंशनर्स विभागीय आकड़ों के मुताबिक बरेली रेंज में 1259, मुरादाबाद रेंज में 2097 निवास करते हैं। बरेली रेंज के बरेली जिले में 484, बदायूं में 465, पीलीभीत में 146, शाहजहांपुर में 164 पुलिस पेंशनर्स हैं। मुरादाबाद रेंज के मुरादाबाद जिले में 962, बिजनौर में 600, रामपुर में 127, अमरोहा में 148 व सम्भल में 260 पेंशनर्स निवास करते हैं। एडीजी जोन रमित शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पुलिस विभाग की रीढ़ हैं। उनका का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है।




एडीजी जोन की ओर से पुलिस पेशनर्स को भेजे गए कैलेंडर, शुभकामनाएं संदेश।



एडीजी साहब ने पुलिस पेंशनरों के कलेंडर आदि देने की जो पहल की है। इससे पुलिस वालो को एक नया अहसास हुआ है। पुलिस वाले महसूस कर रहे है कि हमारा हित सुरक्षित है और आज भी हम पुलिस में ही है। **-एमपी सिंह,** सेवानिवृत्त सीओ



एडीजी जोन की यह अच्छी पहल है। विभाग के बड़े अधिकारी का संदेश मिलने से बहुत खुशी महसूस हो रही है। संदेश से ऐसा लग रहा है कि हम अभी भी विभाग में ही है। समस्याओं का समाधान भी हो रहा है। **-आनंद शर्मा,** अध्यक्ष पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति



बहुत अच्छी पहल है। एडीजी जोन का संदेश मिलने से गौरांवित महसूस हो रहा है। हम परिवार के बुर्जुग है। इस सम्मान से ऐसा महसूस हो रहा है कि युवा अपने परिवार के बुजुगों का पूरा ख्याल रख रहे है। **-सोकेन्द्र सिंह,** उपाध्यक्ष पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति



एडीजी साहब की यह पहल बहुत ही गजब की है। इससे हमें महसूस हो रहा है कि विभाग सेवानिवृत्त के बाद भी हमें भूला नहीं है। काफी साथियों पर संदेश आ गए है। बाकी पर भी लगातार आ रहे है। **-विजयपाल सिंह,** पुलिस पेंशनर